PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Amar Ujala, Delhi
Wednesday 30th December 2015, Page: 8
Width: 3.97 cms, Height: 14.30 cms, a4, Ref: pmin.2015-12-30.48.67

सस्ते मेडिकल डिवाइस बनाने पर हो रहा है काम

नई दिल्ली (ब्यूरो)। केंद्रीय रसायन और उर्वरक राज्यमंत्री हंसराज गंगाराम अहीर ने कहा कि मंत्रालय सस्ते और देश निर्मित मेडिकल डिवाइस बनाने पर तेजी से काम करवा रहा है। इसके बाद मरीजों को विदेशी मंहगे मेडिकल डिवाइस पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। राज्यमंत्री इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की 76वीं सेंट्रल काउंसिल मीट को संबोधित कर रहे थे। मीट में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा सहित अन्य केंद्रीय मंत्री भी शामिल हुए।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के महासचिव डॉ. केके अग्रवाल ने बताया कि मीट में जेपी नड्डा ने कहा कि मंत्रालय डॉक्टरों की समस्याओं को आईएमए के चिकित्सकों के साथ मिलकर दूर करेगा। वहीं केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने मीट में बताया कि मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए [illegible]कल टूरिज्म बोर्ड का गठन [illegible]ा गया है। कार्यक्रम में केंद्रीय [illegible] डॉ. जितेंद्र सिंह के अलावा [illegible]एमए और डीएमए के चिकित्सक शामिल हुए।

Work in progress for manufacturing cheaper Medical Devices.